Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to government to take necessary steps to control pollution level in Korba, Chhatisgarh.

श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत (कोरबा): महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं । मेरा संसदीय क्षेत्र कोरबा एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है । कोरबा क्षेत्र मुख्यालय, रायगढ़ जिला मुख्यालय, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र सहित रायपुर में प्रदूषण की एक बहुत बड़ी चुनौती है । देश को पर्याप्त राजस्व देने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के लिए यह दु:खद है कि राज्य के आम नागरिकों को प्रदूषण के प्रकोप को सहना पड़ रहा है । इसके चलते आमजनों का जीवन संकटग्रस्त हो रहा है । इससे यहां गंभीर समस्याएं और बीमारियां फैल रही हैं । राज्य में प्रदूषण नियंत्रण हेतु राज्य सरकार द्वारा किए प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, इस हेतु अतिरिक्त संसाधन एवं बजट की आवश्यकता है ।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करती हूं कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए केन्द्र सरकार राज्य सरकार को शीघ्र अतिरिक्त सहयोग प्रदान करे ।

छत्तीसगढ़ के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय आधुनिक तकनीक और संसाधनों की आवश्यकता है । यह कार्य केन्द्र सरकार के सहयोग के बिना पूर्ण नहीं हो सकता है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार राज्य की उत्पन्न परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए समस्या के निराकरण हेतु शीघ्र आवश्यक पहल करे । धन्यवाद ।